हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 4 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं



12 हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड व रामायण पाठ...





## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** चंडी मंदिर दर्शन करने गया एक युवक बाइक की टक्कर से घायल हो गया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि 25 मार्च को लक्की पुरेना अपने दोस्त भूषण डहरिया के साथ चंडी मंदिर दर्शन करने के लिए गया था। स्वागत द्वार के पास पहुंचने पर मंदिर की ओर आ रही मोटर सायकल सीजी-06-सीवी-2209 के चालक ने उनके बाइक को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में लक्की के सिर, नाक, और मुंह में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब जब्त युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ओवरब्रिज के पास इमली पेड़ के नीचे इंदिरा कॉलोनी बसना में पुलिस ने एक युवक के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी पुष्पा कोसरिया पति स्व पीतांबर कोसरिया (32 साल) निवासी इंदिरा कॉलोनी के कब्जे से 20 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद किया। मामले में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### पेट्रोल पंप में युवती से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पेट्रोल पंप में काम करने वाली युवती से मारपीट के मामले आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को सुनीता सिदार ने बताया कि वह मोतीलाल ओमप्रकाश पेट्रोल ग्राम बगईजोर में सेल्समैन पद पर कार्य करती है। 2 अप्रैल को पेट्रोल पंप में अपनी सहेली गोमती पटेल के साथ ड्यूटी पर थी। लगभग 12.30 बजे ग्राम बालसी का योगेश लोहानी पेट्रोल पंप में आकर उसकी सहेली से मारपीट करने लगा। जब उसने बीच बचाव किया, तब आरोपी ने गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115 (2), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मारपीट, जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में कोमाखान थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बिंद्रावन के राजाराम यादव ने बताया कि 2 अप्रैल की शाम करीबन 7 बजे अपने खेत के बोर की ओर गया था। वहां ग्राम लोंदामुडा निवासी जीवन देवांगन भी आया तब उसने उससे पूछा कि इधर क्यों आया है। इस पर आरोपी ने गाली व जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बागबाहरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल से

**बागबाहरा।** गायत्री परिवार ट्रस्ट बागबाहरा के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 5 अप्रैल से 11 अप्रैल 2026 तक गायत्री शक्ति पीठ वार्ड क्रमांक 7 बस स्टैंड के पास किया जाएगा। शिविर में एक्यूप्रेशर, मैग्नेट थेरेपी एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से विभिन्न रोगों का उपचार किया जाएगा। अनुभवी चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित विशेषज्ञों द्वारा रोगियों की जांच कर उचित परामर्श एवं उपचार प्रदान किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन प्रातः 8:30 बजे से 12:30 बजे तक एवं सायं 4 बजे से 7:30 बजे तक संचालित रहेगा। आयोजन समिति के अनुसार यह शिविर आमजन को सरल, सुलभ एवं प्रभावी वैकल्पिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

# अस्तित्व खोते प्राचीन कुएं, देखरेख के अभाव में कचरा घर बने नगर के जलस्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर पंचायत खरोरा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किसी जमाने में लोगों के पेयजल के मुख्य स्रोत रहे कुएं अब अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं। नगर के मुख्य चौक चौराहे पर गांव के जल आपूर्ति के लिए कुआं एक मुख्य माध्यम रहा करता था, लेकिन दर्जनों कुएं देखरेख व सफाई के अभाव में सूखे हैं। हालांकि अभी भी कुछ कुएं ऐसे हैं, जो निस्तारी के काम आ रहे हैं, जिसे सुरक्षित रखने की दृष्टि से लोहे के जाली लगाकर ढक दिया गया है, परंतु नगर के अधिकांश कुएं कचरे से अटे पड़े हैं।।

नगर पंचायत के अंतर्गत प्रमुख रूप से सुरजी बाई कुआं, गौटिया पारा कुआ, पुराना देना बैंक के पीछे, मिडिल स्कूल के पीछे, भैरव बाबा मंदिर के पास, रेस्ट हाउस के पास, लक्ष्मी नारायण मंदिर दुकान पारा, पुराना बाजार चौक करिया दामा, धन डिपो के पास जैसे दर्जनों स्थानों पर बारहमासी पेयजल के स्त्रोत प्राचीन कुए थे। कुछ कुएं अभी भी लोगों के पेयजल की पूर्ति कर रहे हैं। कुछ कुर्य कालांतर में उपेक्षा के चलते कुछ स्थानों पर कुएं पटने के कगार पर है, शेष बचे हुए कुओं में गंदगी व कचरा डालकर पाट दिया गया है, जिसके चलते अब इन कुओं का अस्तित्व लगभग समाप्ति के कगार पर पहुंच चुका है। यदि नगर पंचायत एवं समाज कल्याण के ▶▶ शेष पेज 11 पर

## कुछ कुएं ऐसे हैं, जो निस्तारी के काम आ रहे हैं, जिसे जाली से ढक कर सुरक्षित रखा गया

### कुओं की सफाई से जल प्रबंधन में आएगी क्रांति

रमेश शर्मा एवं दीपक धनकर ने इस संबंध में ध्यानाकर्षित करते हुए कहा कि नगर के भूजल स्रोत में वृद्धि एवं जल प्रबंधन के लिए यदि इनकी सफाई का कार्य योजनाबद्ध तरीके से कराया जाए तो निश्चित ही यह जल संचय की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम होगा।



### उपेक्षित कुएं बने जल संकट की वजह

गौरतलब है कि करीब 30-35 वर्ष पूर्व नगर एवं ग्रामीण अंचल में कुएं पेयजल का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत हुआ करते थे, लेकिन वर्तमान समय में आधुनिकता की दौड़ में घर-घर हैंडपंप व सार्वजनिक नलों के लगने के साथ ही कुओं की उपयोगिता कम होती चली गई। इसी का नाजायज फायदा उठाते हुए कुछ गैर जिम्मेदार लोगों ने इसमें घर की गंदगी फेंकना प्रारंभ कर दिया, जिससे धीरे धीरे कुएं कचरे से पटते चले गए। प्रशासन भी कुओं की सफाई के प्रति सुस्त एवं उदासीन बना हुआ है। जिससे नगर में गर्मी के मौसम में पानी की भारी किल्लत देखी जाती है।

## वारदात : आधी रात पिता को दी हत्या की जानकारी

# शराब के विवाद में गमछे से पत्नी का गला घोटा, पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

जिले के थाना बिलाईगढ़ के अंतर्गत ग्राम खजरी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां शराब पीने के आदि एक पति ने मामूली विवाद के बाद अपनी पत्नी की नृशंस हत्या कर दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है।

- अधजला गमछा बरामद, हत्या का साक्ष्य मिला
- बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज, आरोपी जेल भेजा गया

पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई कि आरोपी राजेश साहू शराब पीने का आदी था और कोई काम नहीं करता था। घटना वाली रात मृतिका कुन्ती साहू और आरोपी के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोपी के अनुसार, पत्नी ने उसे शराब पीने पर फटकार लगाई थी और जमीन बेचने व जेल भिजवाने की धमकी दी थी। इसी बात से आक्रोशित होकर राजेश ने घर में रखे गमछे से गला घोंटकर पत्नी की जान ले ली।



थाना बिलाईगढ़ में आरोपी के विरुद्ध धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### बेटे ने खुद पिता को दी जानकारी

घटना 2 अप्रैल की देर रात की है। प्रार्थी सुखीराम साहू 70 वर्ष ने पुलिस को बताया कि वह भोजन के बाद घर में सो रहा था। रात करीब 12.30 बजे उसके बेटे राजेश साहू ने उसे जगाया और कुबूल किया कि उसने अपनी पत्नी कुन्ती साहू 38 वर्ष का गला दबाकर हत्या कर दी है। सुबह होते ही पिता ने थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### भागने की फिराक में था आरोपी

अपराध दर्ज होने के बाद बिलाईगढ़ थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर टीम गठित की। आरोपी ग्रामीणों की मदद से भागने की फिराक में था, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आरोपी ने हत्या में प्रयुक्त गमछे को जलाकर नष्ट करने का प्रयास किया था, लेकिन पुलिस की तत्परता से अधजला गमछा बरामद कर लिया गया है।

# चोरभट्ठी नाली निर्माण जांच में बड़ा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

जनपद पंचायत बिलाईगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत चोरभट्ठी में नाली निर्माण कार्य में अनियमितताओं की शिकायत पर की गई जांच अब विवादों के घेरे में आ गई है। जांच प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता के साथ कथित रूप से अभद्र एवं धमकी पूर्ण व्यवहार का मामला सामने आने से न केवल जांच की पारदर्शिता बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की निष्पक्षता पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लग गए हैं।

- सरपंच पर धमकी का आरोप, निष्पक्षता पर संकट

जानकारी के अनुसार, जनपद पंचायत द्वारा गठित जांच दल जिसमें कार्यक्रम अधिकारी किसन जायसवाल एवं सहायक विकास विस्तार अधिकारी राघवेंद्र ध्रुव शामिल थे, द्वारा नियमानुसार जांच की कार्यवाही प्रारंभ की गई। शिकायतकर्ता को पूर्व सूचना दी गई थी तथा सरपंच अंजना जांगड़े एवं सचिव प्रेमलाल साहू को समस्त अभिलेखों सहित उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया था।उक्त घटना के पश्चात जांच अधिकारियों द्वारा दूरभाष के माध्यम से शिकायतकर्ता ▶▶ शेष पेज 11 पर

### जांच टीम ने निर्माण स्थल के भौतिक सत्यापन के दिए निर्देश

जांच की प्रारंभिक कार्यवाही ग्राम पंचायत कार्यालय में पंचनामा तैयार कर शिकायतकर्ता, सरपंच एवं सचिव के बयान दर्ज करने के साथ की गई। इसी दौरान शिकायतकर्ता द्वारा गंभीर आरोप लगाए गए कि जांच कार्यवाही के दौरान उसे पंचायत परिसर में ही महिला सरपंच अंजना जांगड़े द्वारा कथित रूप से आक्रामक एवं धमकीपूर्ण व्यवहार का सामना करना पड़ा। शिकायतकर्ता के अनुसार, सरपंच द्वारा अपमानजनक एवं भय उत्पन्न करने वाले शब्दों का प्रयोग किया गया एवं लगातार घूर कर देख रही थी, जिससे शिकायतकर्ता स्वयं को असहज, असुरक्षित एवं मानसिक रूप से दबावग्रस्त महसूस करने लगा। बयान प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत जांच दल द्वारा निर्माण स्थल पर भौतिक सत्यापन हेतु सभी संबंधित पक्षों को साथ में जाने कहा गया। शिकायतकर्ता पर सरपंच द्वारा जांच अधिकारियों की उपस्थिति में पंचायत भवन में ही निरंतर दबाव एवं भय का वातावरण निर्मित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप वह सुरक्षा की दृष्टि से जांच स्थल तक जाने से परहेज करते हुए वापस लौट गया।

# 'सभी कार्यालय ई- ऑफिस के माध्यम से शत-प्रतिशत कार्य डिजिटल मोड़ में करें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर ए ऑफिस, आई गॉट कर्मयोगी, ई - एचआरएमएस में ऑनबोर्डिंग की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों को आई गॉट कर्मयोगी का प्रशिक्षण एवं ई-एचआरएमएस में पंजीयन जल्द पूरा कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि सभी कार्यालयों में ई -ऑफिस के माध्यम से डिजिटल मोड़ पर ही कार्य संपादन सुनिश्चित करें। केवल वित्त सबंधित नस्ती को छोड़कर शेष सभी फ़ाईलिंग व पत्राचार ई- ऑफिस के माध्यम से ही पूरा करना है। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास,शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस एवं अन्य अधिक अमले वाले विभागों को विशेष रूप से ध्यान देने कहा। उन्होंने जिला कोषालय की सूची अनुसार विभागवार नियमित अधिकारी-कर्मचारियों को कर्मयोगी मिशन के तहत प्रशिक्षण पूरा करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि आने वाले समय में सभी कार्यालयीन कार्य ऑनलाइन सम्पादित किया जाना है जिसमें ई-एचआरएमएस शामिल हैं। बैठक में सभी विभागों के नोडल अधिकारियों को विकासखंड स्तरीय कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों की सूची एवं पंजीयन की जानकारी उपलब्ध कराने कहा गया। इस दौरान अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी सहित विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

- कर्मयोगी एवं ई एचआरएमएस प्रशिक्षण पूर्ण करने के निर्देश

### अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन आज

**भटगांव।** चैतराई मेला महोत्सव पर मेला ग्राउंड भटगांव में 4 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया हैं।

उक्त कवि सम्मेलन नगर पंचायत भटगांव के तत्वावधान में किया जा रहा हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे एवं उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में रायबरेली उत्तर प्रदेश से हास्य कवि नरकंकाल, कानपुर उन्ना० से हास्य कवि उत्तकर्ष उत्तम, मंच संचालक बिलाईगढ़ हास्य कवि बंशीधर मिश्रा, वीर रस. के कवि नरेन्द्र गुप्ता रायगढ़, कवयित्री अंजू लता अंजू पवनी, कवि सम्मेलन के संयोजक हास्य कवि दाता दीवाना एवं नगर के हास्य कवि भूषण बायपास कविता पाठ करेंगे। इस कवि सम्मेलन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल व्याप्त हैं।

## श्रद्धा और शांति के साथ मना गुड फ्राइडे ...



**बगबुड़ा।** मसीही समाज द्वारा प्रभु यीशु मसीह के बलिदान और उनके कष्टों की याद में गुड फ्राइडे का पर्व पूरी दुनिया के साथ स्थानीय क्षेत्र में भी अत्यंत श्रद्धा और गंभीरता के साथ मनाया गया। ईस्टर से पूर्व आने वाले इस शुक्रवार को मसीही अनुयायियों ने शोक दिवस के रूप में मनाया और मानव जाति की मुक्ति के लिए यीशु द्वारा दी गई यातनाओं को स्मरण किया। गुड फ्राइडे की परंपरा के अनुसार, इस दिन चर्चों में घंटियां नहीं बजाई गईं और न ही मोमबत्तियां जलाई गईं। वेदियों को भी साधारण रखा गया। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, यीशु मसीह ने स्वयं को सूली पर चढ़ाकर मानव जाति को पापों से मुक्ति दिलाई थी। इसी विश्वास के साथ चालीसा काल के दौरान अनुयायियों ने उपवास रखा और विशेष प्रार्थना सभाओं में हिस्सा लिया।

## गजानंद अग्रवाल कॉलेज में लैंगिक उत्पीड़न और पॉश एक्ट पर व्याख्यान

# लैंगिक संवेदनशीलता, अधिकार और कानूनी से रूबरू हुए छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला उत्पीड़न शिकायत निवारण समिति एवं आंतरिक शिकायत समिति के संयुक्त तत्वावधान में कार्यस्थल में लैंगिक उत्पीड़न विषय पर व्याख्यान हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ को कार्यस्थल पर लैंगिक संवेदनशीलता, अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था।

मुख्य वक्ता अधिवक्ता ईरम सिद्दिकी ने कार्यस्थल पर होने वाले लैंगिक उत्पीड़न की विभिन्न स्थितियों, इसके दुष्परिणामों तथा इससे जुड़े प्रमुख कानूनों जैसे पॉश अधिनियम 2013 (कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है और पीड़ित को न्याय दिलाने स्पष्ट प्रक्रिया निर्धारित की गई है।कार्यक्रम का संचालन रेखा कश्यप द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन स्नेहा दुबे ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर समस्त स्टाफ एवं छात्रों की सहभागिता रही।



### महिला अधिकारों पर डाला प्रकाश

विशिष्ट वक्ता के रूप में गोविंद सारंग विधि महाविद्यालय से डॉ. रामाशीष श्रीवास्तव ने महिला उत्पीड़न के सामाजिक एवं कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय संविधान में महिलाओं को प्राप्त मौलिक अधिकारों एवं संरक्षण संबंधी प्रावधानों जैसे समानता का अधिकार, भेदभाव निषेध तथा गरिमामय जीवन के अधिकार के बारे में विस्तार से बताया।

### लैंगिक समानता सामाजिक चेतना का विषय

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य ने कहा कि लैंगिक समानता केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का भी प्रश्न है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया तथा ऐसे आयोजनों की उपयोगिता पर बल दिया।

# रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 3 ट्रैक्टर जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रशासन की टीम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में तहसील कसडोल क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया है। यह कार्रवाई एसडीएम रामरतन दुबे और तहसीलदार विवेक पटेल के नेतृत्व में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध रूप से रेत का परिवहन की सूचना पर प्रशासन की टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान बिना वैध दस्तावेज के रेत का परिवहन करते हुए 3 ट्रैक्टर पकड़े गए। कार्रवाई के बाद सभी जब्त ट्रैक्टरों को थाना कसडोल में सुपुर्द कर दिया गया है।

- जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

## खबर संक्षेप





### हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड व रामायण पाठ

**खरोरा।** नगर के वार्ड 8 स्थित शिव मंदिर एवं हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा एवं रामायण पाठ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान शिव शक्ति भजन मंडली द्वारा रामायण एवं हनुमान चालीसा का भावपूर्ण पाठ किया। अंजनेय भगवान के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन एवं पूजा-अर्चना का क्रम दिनभर चलता रहा। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष भोज भंडारे की व्यवस्था भी की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

### दशरमा में मना हनुमान जन्मोत्सव



**रिसदा।** जिला मुख्यालय से 4 किमी पर स्थित ग्राम दशरमा में हनुमान प्रकट उत्सव मनाया गया। ग्राम के रामायण चौक स्थित बरंगबली मंदिर में पूजा अर्चना कर खीर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच मधु नीलकंठ साहू, हरिराम पैकरा, धीरज पैकरा, नंदकुमार साहू, मोहन, केशो साहू, झाड़ी राम पैकरा, परमेश्वर पैकरा सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### स्वदेशी वस्तुओं का अपनाना ही आत्मनिर्भर भारत की सच्ची राह



**महासमुंद।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा कवर्धा में स्वदेशी मेला का आयोजन किया गया। समापन दिवस पर मुख्य अतिथि संस्कृति पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर रहे। चंद्रहास ने अपने उद्बोधन से जनमानस को स्वदेशी की ओर लौटने का आह्वान किया।

### उखरा में हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ रामायण कार्यक्रम



**नर्रा।** ग्राम उखरा के जय बजरंग समिति के सदस्य और ग्रामवासियों के सहयोग से गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर में विराजित हनुमान की पूजा अर्चना व आरती पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई। इसके बाद प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर मोर मयारू राम मानस परिवार गांजर द्वारा सुर मधुर प्रस्तुति दी गई। इसके बाद सांस्कृतिक भी हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय सरपंच प्रीतम चौधरी, विशिष्ट अतिथि सेतराम राणा, उपसरपंच चैतराम निषाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा पंडित हेमंत शर्मा और मेधावी छात्र साक्षी चौरे का सम्मान किया गया। इस दौरान अध्यक्ष रूपेंद्र कुमार पाड़े, सचिव जय प्रकाश प्रधान, लखन पाड़े, किशोर नाग, हेम प्रकाश, योगेश दुर्गेश एवं ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

**पर्व : महाआरती के बाद 56 भोग का भोग लगाया गया, बांटी गई प्रसादी**

# संकट मोचन के जयकारों से गुंजायमान हुआ नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

नगर स्थित प्राचीन शक्ति पीठ हनुमान मंदिर में संकट मोचन हनुमान का प्रकटोत्सव मनाया गया। इस अवसर नगर के सभी मंदिरों सुबह से ही भीड़ अनवरत बनी रही। भक्तों द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के महामाया मंदिर से होते हुए बाजार चौक पर सम्पन्न हुई। प्राचीन शक्ति पीठ हनुमान मंदिर में सुबह से ही पूजा पाठ का सिलसिला जारी हुआ, जो देर रात तक अनवरत जारी रहा।

अंजनी पुत्र, वीर बजरंगी, भक्त शिरोमणि श्री हनुमान महाराज का जन्मोत्सव नगर व आसपास के क्षेत्रों में आस्था, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः से ही धार्मिक स्थलों और श्री हनुमान मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में भगवान के दर्शन, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ, चोलावंदन, अभिषेक, आरती, हवन पूजन के साथ दिन भर भंडारा व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर भगवान का गुणानुवाद किया। मंदिरों में जन्मोत्सव पर श्री हनुमानजी महाराज के जयकारों की अनुगूंज दिनभर सुनाई दी। वहीं नगर में इस अवसर पर जुलूस भी निकाला गया। जुलूस का स्वागत जगह-जगह पर किया गया जुलूस में शामिल लोगों का उत्साह और हनुमान जी महाराज के जय के नारों का उद्घोष वातावरण में श्रद्धालुओं को अतिरेक उत्साह दे रहा था, जिससे वातावरण और धर्ममय हो गया।

नगर स्थित प्राचीन शक्ति पीठ हनुमान मंदिर 12 बजे महाआरती की गई तत्पश्चात 56 भोग का भोग लगाया गया। फिर सुंदरकांठ पाठ होते ही आए भक्तों प्रसाद वितरण किया गया और शाम को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस पवित्र धार्मिक अवसर पर मंदिर सर्वार कर अखिलेश मिश्रा, पुरोहित राजेन्द्र पांडेय, अरविंद मिश्रा, अभय तिवारी, दुर्गेश बाजपेई, प्रशांत पाण्डेय, संतोष ताम्रकार सहित भक्तगण उपस्थित थे।





## हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली रैली, भक्तिमय माहौल में झूमे श्रद्धालु

**हिरमी रावन।** ग्राम पंचायत मोहरा में पांच दिवसीय रामायण के समापन उपरांत 2 अप्रैल को हनुमान जयंती पर रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला और श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली की शुरुआत स्तंभ चौक से हुई, जहां से यह बस स्टैंड, लीला चौक, गुड्डी चौक, महामाया चौक होते हुए रामनगर की गलियों तक पहुंची। पूरे मार्ग में जयकारों और भजनों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रैली में शामिल युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सभी उत्साहपूर्वक भाग लेते नजर आए। रैली के दौरान विशेष रूप से धूमाल और ढोल-नगाड़ों की धुन पर भक्त झूमते और नाचते दिखाई दिए। भगवा ध्वज और जय श्रीराम के जयघोष के साथ श्रद्धालु पूरे मार्ग में आगे बढ़ते रहे। कई स्थानों पर ग्रामीणों द्वारा रैली का स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया गया। आयोजन में श्री राम भक्त परिवार, नंद नंदन मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि पांच दिनों तक चले रामायण पाठ और धार्मिक कार्यक्रमों के बाद हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर यह रैली निकाली गई, जिससे लोगों में धार्मिक आस्था और एकता का संदेश प्रसारित हो। रैली के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया। गांव के प्रमुख स्थानों पर स्वयंसेवकों की तैनाती की गई थी, जिससे रैली सुचारू रूप से संपन्न हो सकी। इस भव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि गांव के लोगों के बीच आपसी भाईचारे और एकता की भावना को भी बढ़ावा दिया। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था और मोहरा गांव पूरी तरह से भक्तिमय रंग में रंगा नजर आया।





## हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड का गायन

**खरोरा।** ग्राम मुड़पार में इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। बजरंग चौक में बजरंग युवा संगठन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे शोभायात्रा से हुई। दोपहर 12 बजे विधिवत पूजा-अर्चना के बाद रात्रि में संध्या कालीन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से जुड़े लोक कलाकारों द्वारा सुंदरकांड कथा का भावपूर्ण वाचन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना एवं ग्राम देवी-देवताओं की आराधना के साथ किया गया। रात्रि में जय मां संतोषी महिला मानस मंडली, ग्राम चिचोली जिला बेमेतरा द्वारा सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत कर सुंदरकांड का गायन प्रस्तुत किया, जिसने श्रोताओं को भक्ति भाव से भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन दाऊ लाल गुरुजी ने किया। ध्वनि व्यवस्था डोमन सुपर साउंड सिस्टम द्वारा की गई। आयोजन को सफल बनाने में बजरंग युवा संगठन के सदस्य रिंकू वर्मा, डोमन साहू, सागर साहू, दाऊलाल साहू, यश कुमार निषाद, अश्वनी यादव, ओमकार यादव, अजय निषाद, विकास, धनंजय, भोजराम यादव, कपिल ओंकारे, भूपेंद्र वर्मा सहित अन्य का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन पर विशाल प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा।





# जीरामजी योजना से कोसीर गांव की तस्वीर बदलने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

■ कोसीर क्षेत्र में सरकार की योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा

सारंगढ़ जिला मुख्यालय के कोसीर अंचल के गांवों में कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने अपने अधिकारियों के साथ कोसीर अंचल के गांवों में पहुंचकर सरकार की चल रहे योजनाओं के साथ साथ विकास कार्यों का जायजा लिए। कोसीर गांव के बौद्ध बिहार में 16 लाख की लागत से बने स्टॉप डेम का निरीक्षण करते हुए स्थल का निरीक्षण किए।

वहीं बौद्ध बिहार में करंज पेड़ के नीचे बैठ गांव की टोह लिए। बौद्ध बिहार से कोसीर गांव के ऐतिहासिक मां कौशलेश्वरी देवी मंदिर पहुंचकर दर्शन कर इतिहास को जाने। गांव के जीवन दायिनी बांधा तालाब पहुंचकर तालाब को देखे। साथ ही साथ चलते हुए गांव के बस्ती में छोटे तलैया जो वर्तमान में साफ सफाई के अभाव में मर गए हैं उन्हें भी देखे। सारंगढ़ अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार, लक्ष्मीनारायण लहरे ने कोसीर गांव के विकास और समस्या को लेकर जिला कलेक्टर के पास अपनी बात रखे जिसमें गांव में बाल उद्यान, मर चुके छोटे छोटे तलैया की सफाई, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन की चर्चा, जीवन दायिनी बांधा तालाब में सड़क पिचिंग जिससे तालाब के इस छोर से उस छोर आने जाने में आसानी हो इस तरह गांव की प्रमुख रूप से बातें रखे। पूरे समय अपने सारंगढ़ अंचल के कोसीर क्षेत्र में अपने अमले के साथ गांवों का जायजा लिए। कोसीर गांव में दौरे के दौरान डॉ. कन्नौजे के साथ सारंगढ़ जनपद पंचायत सीईओ, राधे श्याम नायक, पीएचई विभाग अधिकारी मुख्य अभियंता, सहायक अभियंता कोसीर उप तहसील से तहसीलदार, गांव के सरपंच सुमन राव, सारंगढ़ पूर्व विधायक कुमारी कामदा जोल्हे, लक्ष्मीनारायण लहरे, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र राव और विभाग के कर्मचारी, इंजीनियर, स्थानीय पटवारी गांव के सचिव साथ थे।



# सेवानिवृत प्राचार्य को स्कूल प्रबंधन ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य के पद पर कार्यरत बी गिरिजा को सेवानिवृत्ति पर विद्यालय की ओर से विदाई दी गई। संस्था के शिक्षक व्हाट्सएप पर और छात्रों ने उपहार भेंट प्रदान किया। श्रीमती गिरिजा मूलत कोट्टायम जिले के चिंपू ग्राम के केरल राज्य के निवासी है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा एमजीएम सीनियर सेकंडरी स्कूल भिलाई में सीबीएसई माध्यम से हुई। तथा उनका बीएससी एमएससी बी एड शिक्षा छत्तीसगढ़ राज्य में संपन्न की। श्रीमती बी गिरिजा के पहले कर्मभूमि उड़ीसा राज्य के बलांगीर जिला स्थित बेलपड़ा नवोदय विद्यालय में पीजीटी बायोलॉजी के अध्यापिका पद पर 1991 में पदभार प्रारंभ किया। उसके बाद उन्होंने 2006 में वाइस प्रिंसिपल के पद में भोपाल, दुर्ग और नवोदय विद्यालय कबीरधाम में पदभार ग्रहण किया और वहां से सेवा देने के पश्चात प्राचार्य के रूप में पदोन्नति के साथ नवोदय विद्यालय समिति में प्राचार्य के पद पर बिलासपुर में 2020 में पदभार ग्रहण किया और 2022 से लगातार 4 वर्ष से पीएम श्री नवोदय विद्यालय लवन, बलौदाबाजार में अपना सेवाएं निरंतर 36 साल नवोदय विद्यालय समिति को सेवा देने के पश्चात 60 वर्ष की उम्र में मार्च 31 तारीख 2026 को विद्यालय की ओर से सेवानिवृत्ति की विदाई दी गई। समारोह में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मंदोदरी सेठ, दुर्गेश चंद्र पटेल, जेपी साहू, सत्येंद्र कुमार पांडे, एच पी पटेल, राजेंद्र सिक्का, प्रशांत गायकवाड, राकेश सिंह, ज्ञान प्रकाश कुशवाहा, नवनीत राज पटेल, तारकेश्वर, राघवेंद्र सोनार, प्रमोद कुमार, कृष्ण सूजी, आदेश गोस्वामी संदीप मालवीय, कांतिलाल, पोखर सिंह, अर्चना, विशाखा डांगे, रंजन उपाध्याय, तरन्नुम बानो सुमन कौशिक दुर्गेश, सेल्स श्रीवास, पूनम, सरजू, राहुल राय आदि मौजूद थे।



### जांच और दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने 10 अप्रैल को लगेगा शिविर

**बिलाईगढ़।** जांच और दिव्यांगता प्रमाण पत्र से वंचित दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए आगामी 10 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में जिला मेडिकल बोर्ड का शिविर होगा। इसमें आंख, हड्डी, कान, नाक, गला, आदि के डॉक्टर मौजूद होंगे। ऐसे दिव्यांग जिनका दिव्यांग प्रमाण पत्र अब तक नहीं बन पाया है, वे बरमकेला और बिलाईगढ़ में शिविर का लाभ लेकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बना सकते हैं। इसमें शामिल होने के लिए पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड, दिव्यांग दिखाई दे रहा है ऐसा फोटो लाना होगा।

### झेरिया यादव समाज के पूर्व उपाध्यक्ष गिधौरी पहुंचे

**गिधौरी।** झेरिया यादव समाज के पूर्व उपाध्यक्ष भगत यादव का शुक्रवार को गिधौरी में आगमन हुआ। इसमें झेरिया यादव समाज के लोगों ने गिधौरी चौक पर आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। दर असल प्रदेशभर में झेरिया यादव समाज का चुनाव होना है, जिसमें पूर्व उपाध्यक्ष भगत यादव ने फिर से प्रदेश उपाध्यक्ष के लिए चुनाव लड़ रहे हैं और प्रगति पेनल से प्रदेश उपाध्यक्ष के लिए भगत यादव, राजु यादव प्रदेश अध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ, रमेश यादव, जिला प्रवक्ता, हेमलाल यादव संगठन मंत्री, मैदान में उतरे हैं और क्षेत्र में जाकर चुनाव प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान चंदराम यादव प्रदेश संगठन मंत्री, रामदयाल यादव महामंत्री, तिरथराम यादव, भुवन यादव, राज यादव, राजेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, गौकरण यादव आदि ग्रामीण जन उपस्थित थे।



**150 से 160 घरों की जल निकासी समस्या का समाधान हुआ**

# कुथरौद में संयंत्र के सहयोग से बनी नाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र, हिरमी के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व सी एस आर के तहत ग्राम पंचायत कुथरौद में नाली निर्माण कार्य में सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया।

इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा स्वच्छता को बढ़ावा देना है। ग्राम कुथरौद में लंबे समय से सड़कों एवं गलियों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण, विशेष रूप से वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की समस्या बनी रहती थी। इससे न केवल आवागमन बाधित होता था, बल्कि गंदगी फैलने एवं बीमारियों के फैलने की आशंका भी बनी रहती थी। ग्रामीणों द्वारा इस समस्या को ग्राम पंचायत के माध्यम से उठाया गया, जिसके पश्चात अल्ट्राटेक के ग्रामीण विकास विभाग ने तत्परता दिखाते हुए सहयोग प्रदान किया। इस कार्य के अंतर्गत लगभग 25 मीटर नई नाली का निर्माण एवं 225 मीटर नाली कवर का निर्माण कराया गया। गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य के माध्यम से अब लगभग 150 से 160 घरों के जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित हुआ है। इससे गांव में स्वच्छता व्यवस्था में सुधार होगा तथा जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। इस पहल से न केवल गांव के पर्यावरण और स्वच्छता स्तर में सुधार होगा, बल्कि ग्रामीणों के दैनिक जीवन में भी सुविधा बढ़ेगी। विशेषकर बारिश के मौसम में अब लोगों को आवागमन में पहले जैसी कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। कुथरौद के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने अल्ट्राटेक हिरमी संयंत्र के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किए जा रहे ऐसे प्रयास क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

